बिहार के 11 ज़िलों में खुलेंगे टॉपर्स फैक्ट्री सिमुलतला जैसे आवासीय स्कूल
चर्चा में क्यों?

हालहीमें बिहारके शिक्षामंत्रीप्रो. चंद्रशेखरकीअध्यक्षतामें सिमुलतलाशिक्षासोसाइटीकीसामान्यसभाकीबैठकमें राज्यके 11 ज़िलों में सिमुलतला आवासीय विद्यालय कीतर्ज पर नएस्कूलों कीस्थापना करने का निर्णय लिया गया तथा साथ हीसिमुलतला आवासीय विद्यालय में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति बिहार लोक सेवा आयोग के जरिये कराने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

प्रदेश में 11 ज़िलों में सिमुलतला आवासीय विद्यालय की तर्ज पर आवासीय विद्यालय आगामी शैक्षणिक सत्र 2024 से संचालित किये जाएंगे।
आधिकारिक जानकारी के मुताबिक शिक्षक चयन प्रक्रिया में प्रारंभिक वस्तुनिष्ठ परीक्षा कराई जाएगी। इसके बाद मुख्य परीक्षा गैर वस्तुनिष्ठ
सवालों पर आधारित होगी। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार संग डेमो क्लास से चयन किया जाएगा।
इन नये शिक्षकों की सेवा सिमुलतला शिक्षा सोसायटी के अधीन होगी। इस सोसाइटी के अधीन चलने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षक स्थानांतरित हो सकेंगे।
इसके अलावा इस बैठक में सिमुलतला विद्यालय में प्रतिनियुक्ति एवं चयन के लिये पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।
जानकारी के मुताबिक सिमुलतला शिक्षा सोसायटी के पटना कैंप की स्थापना की जाएगी। साथ ही सिमुलतला की अकादमिक विशेष कार्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है।
इस दौरान सोसाइटी की सामान्य सभा कार्यकारिणी समिति तथा विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सात सदस्यीय कार्यकारिणी समिति और विद्यालय प्रबंध समिति का गठन भी कर दिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/residential-schools-like-toppers-factory-simultala-to-be-opened-in-11-districts-of-bihar